प्रेम के जो धागे है देखना वो टूटे ना

तर्ज़ :- तेरे मेरे होठो पे मीठे मीठे गीत मितवा

प्रेम के जो धागे है, देखना वो टूटे ना,
सांवरे सलोना का, साथ कभी छूटे ना,
किस्मत से धागे बंधे, सांवरे को भाये हो तुम,
बाबा ने डोर खींची, चौखठ पे आये हो तुम,
भक्ति के प्रेम रस की, गगरियाँ फूटे ना,
सांवरे सलोना का ,साथ कभी छूटे ना,
प्रेम के जो धागे है......

सच्ची हो तेरी लगन, बाबा की प्रीत मिलेगी,
हारेगा न तू कभी, पग-पग में जीत मिलेगी,
प्रेमियों से जन्मों जनम, श्याम कभी रूठे ना,
सांवरे सलोना का साथ कभी छूटे ना,
प्रेम के जो धागे है....

बाबा की ऐसी दया, भक्तो को आनंद है,
चोखानी मस्त वही, जो सेवा का पाबंध है,
खाटू की मस्तियो को, कौन है जो लुटे ना,
सांवरे सलोना का, साथ कभी छूटे ना,
प्रेम के जो धागे है....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32136/title/prem-ke-jo-daage-hai-dekhna-vo-toote-na

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |